कार्यालय—निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा—माध्य / मा—स / विविध(25) / वो—2 / 2022—23 दिनांक : 20.07.2023

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समग्र शिक्षा।

विषय :— **"डायल—फ्यूचर"** कार्यक्रम बाबत जारी किये गये दिशा—निर्देशों के क्रम में।
प्रसंग :— इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक : 21.06.2023

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र द्वारा कक्षा 10 मे उत्तीर्ण विद्यार्थियों के विषय / संकाय / पाठ्यक्रम चयन तथा केरियर मार्गदर्शन हेतु परामर्श कार्यक्रम **"डायल—फ्यूचर कार्यक्रम"** चलाया गया था। शासन के पत्र दिनांक : 04.07.2023 की पालना में उक्त कार्यक्रम की दिनांक : 15.07.2023 तक वृद्धि की गई थी। **"डायल—फ्यूचर कार्यक्रम"** के अन्तर्गत निम्नांकित स्तर से परामर्श किया जा रहा था। अब दिनांक : 15.07.2023 को यह कार्यक्रम निम्नानुसार परिवर्तित किया जा रहा है :—

1. संभागीय हेल्प डेस्क— चार संभाग मुख्यालयों पर दूरभाष पर परामर्श दे रहे थे, यह संभागीय हेल्प डेस्क संचालित नहीं होगी। इसके स्थान पर **राज्यस्तरीय हेल्प डेस्क आरएससीईआरटी, उदयपुर स्तर पर दूरभाष संख्या— 97733—19746 से संचालित रहेगी,** जिस पर कॉल करके विद्यार्थी विषय / संकाय / व्यावसायिक पाठ्यक्रम चयन / उपलब्धता तथा सम्बन्धित कैरियर हेतु परामर्श ले सकेगा।

   उक्त के क्रम में संयुक्त निदेशक, कोटा को निर्देशित किया जाता है कि वह दूरभाष नम्बर 97733—19746 के सिमकार्ड को वाहक स्तर पर अविलम्ब आरएससीईआरटी, उदयपुर को उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करावें।

   a) निदेशक आरएससीईआरटी, उदयपुर को बिन्दु संख्या 01 के क्रम में लेख है कि वह दिनांक : 16.07.2023 के उपरांत आयोजित किये जाने वाले "हेल्प डेस्क" के सम्बन्ध में आगामी कार्यवाही करवाते हुए उक्त बाबत व्यापक प्रचार—प्रसार किया जाना सुनिश्चित करावें।

   b) **"डायल—फ्यूचर कार्यक्रम"** के हेल्प डेस्क से सम्बन्धित चारों संयुक्त निदेशकों को निर्देशित किया जाता है कि वह "डायल—फ्यूचर कार्यक्रम" के आयोजन के दौरान हेल्प डेस्क पर रिसीव कॉल / कॉल डिटेल की एक समेकित प्रतिवेदन (जिसमें उक्त कार्यक्रम बाबत सफलता की कहानियाँ सम्मिलित हो) बनाकर इस कार्यालय की ई—मेल आइ.डी. massecondary@gmail.com पर दिनांक : 20.07.2023 (गुरुवार) सायं : 6.00 बजे तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।

2. निर्देशित किया जाता है कि विद्यालय स्तर पर चयनित **"पथ प्रदर्शक"** शिक्षकों द्वारा उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में औपचारिक हेल्प डेस्क लगाकर शासन एवं इस कार्यालय द्वारा पूर्व में प्रदत्त निर्देशानुसार प्रवेशोत्सव की समाप्ति तक आयोजन किया जाकर शिविरा पंचांगानुसार **"केरियर डे"** सहित **"केरियर कॉउन्सलिंग"** से जुड़े कार्यों का वर्ष पर्यन्त संचालन करवाया जावे। शिक्षण सत्र के दौरान किसी भी विद्यार्थी को संकाय परिवर्तन हेतु मार्गदर्शन की आवश्यकता अनुभव होती है तो उक्त परिस्थिति में उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाना सुनिश्चित करावें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जावें।

(काना राम)
आइ.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : Director
Date: 2023.07.20 07:38:50 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4296922

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, जयपुर।
2. निदेशक आरएससीईआरटी, उदयपुर को उक्त बाबत आगामी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करवाने बाबत।
3. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को उक्त कार्य के प्रभावी प्रबोधन एवं पर्यवेक्षण हेतु।
4. संयुक्त निदेशक, जयपुर, जोधपुर, कोटा (उक्त पत्र में वर्णित सिमकार्ड के अतिरिक्त) एवं बीकानेर को निर्देशित किया जाता है कि वे उक्त कार्यक्रम के आयोजन बाबत उपलब्ध करवायी गई सिमकार्ड को अपने कार्यालय स्तर पर जमा किया जाना सुनिश्चित करें।
5. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कर समस्त संस्था–प्रधानों को ई–मेल प्रेषित करवाने बाबत।
6. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक / प्रारम्भिक शिक्षा।
7. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।
8. समस्त पीईईओ / यूसीईईओ।
9. समस्त संस्था–प्रधान।
10. रक्षित पत्रावली।

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : Director
Date: 2023.07.20 07:38:50 IST
Reason: Approved